# विषय : सामाजिक विज्ञान Set-C

**नोट:** सभी प्रश्न हल कीजिए।

**निर्देश :** प्रश्न क्रमांक 1 में दो खण्ड हैं। खण्ड (अ) बहुविकल्पीय प्रश्न है एवं खण्ड (ब) रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए। प्रत्येक प्रश्न पर 1 अंक आबंटित है।

1. (खण्ड-अ) सही विकल्प चुनकर लिखिए-

(i) प्रथम विश्व युद्ध के बाद जर्मनी के साथ संधि हुई-
(अ) पेरिस में (ब) वर्साय में
(स) सेव्रे में (द) न्यू इटली में।

(ii) केन्द्रीय सूचना आयोग में आयुक्तों की अधिकतम संख्या हो सकती है-
(अ) 5 (ब) 10
(स) 15 (द) 20।

(iii) निम्न में से कौन जनसंख्या वृद्धि का कारण नहीं है ?
(अ) ऊँची जन्म दर (ब) शिक्षा का प्रसार
(स) बाल-विवाह (द) मृत्यु दर में कमी।

(iv) रोजगार कार्यालय निम्न कार्य करते हैं-
(अ) बेरोजगारी भत्ता देते हैं
(ब) रोजगारों के सृजन करते हैं
(स) बेरोजगार लोगों को रोजगार देते हैं
(द) बेरोजगारों को मार्गदर्शन देते हैं।

(v) जनसंख्या नीति लागू की गई थी-
(अ) 26 जनवरी, 2000 को
(ब) 15 फरवरी, 2000 को
(स) 10 जनवरी, 2010 को
(द) 10 जनवरी, 2008 को।

1. (खण्ड-ब) रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए :

(i) अन्तर्राष्ट्रीय न्यायालय का मुख्यालय ............ में है।
(ii) फतेहपुरसीकरी का निर्माण .......... ने करवाया।
(iii) घरेलू हिंसा अधिनियम .......... ई. में लागू हुआ।
(iv) किसी क्षेत्र में प्रति वर्ग कि.मी. में निवास करने वालों की औसत संख्या को .......... कहा जाता है।
(v) कृषि एवं उद्योग एक दूसरे के ............. हैं।

**निर्देश :** प्रश्न क्रमांक 2 से 9 तक अतिलघुउत्तरीय प्रश्न है। प्रत्येक प्रश्न पर 2 अंक आबंटित हैं। (उत्तर की अधिकतम शब्द-सीमा 30 शब्द)

उपभोक्ता की बचत का आधार लिखिए।

4. गुट निरपेक्ष आन्दोलन का प्रथम सम्मेलन कब और कहाँ हुआ था ?
5. वैदिक युग में अर्थव्यवस्था का आधार क्या था ?
6. सूचना का अधिकार अधिनियम कब लागू किया गया ?
7. श्रम-विभाजन कितने प्रकार के होते हैं ?
8. सुश्रुत ने किस ग्रन्थ की रचना की ?
9. स्थानीय स्वशासन किसे कहते हैं ?

**निर्देश :** प्रश्न क्रमांक 10 से 15 तक अतिलघुउत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न पर 3 अंक आबंटित हैं।(उत्तर की अधिकतम शब्द-सीमा 50 शब्द)

10. विश्व स्वास्थ्य संगठन के किन्हीं तीन कार्यों पर प्रकाश डालिए।
11. छत्तीसगढ़ के किन्हीं तीन लोक-नृत्यों पर प्रकाश डालिए।
12. मुख्यमंत्री के किन्हीं तीन कार्यों पर प्रकाश डालिए।
13. उपभोक्ता की बचत के कोई तीन कारण लिखिए।
14. जनसंख्या-विस्फोट के किन्हीं तीन प्रमुख कारणों पर प्रकाश डालिए।
15. श्रम-विभाजन से उत्पादकों को क्या लाभ होता है (कोई तीन) ?

**निर्देश :** प्रश्न क्रमांक 16 से 21 तक लघुउत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न में आंतरिक विकल्प है। प्रत्येक प्रश्न पर 4 अंक आबंटित हैं। (उत्तर की अधिकतम शब्द-सीमा 75 शब्द)

16. नाजीवाद एवं फासीवाद में अंतर लिखिए।

**अथवा**

फासीवाद के किन्हीं चार लक्षणों का उल्लेख कीजिए।

17. दहेज प्रथा को दूर करने के किन्हीं चार उपायों का उल्लेख कीजिए।

**अथवा**

महिला सशक्तिकरण हेतु छत्तीसगढ़ शासन द्वारा संचालित किन्हीं चार योजनाओं पर प्रकाश डालिए।

18. संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा किए गए शांति प्रयासों में भारत की भूमिका पर किन्हीं चार बिन्दुओं में प्रकाश डालिए।

**अथवा**

संयुक्त राष्ट्र संघ के किन्हीं चार प्रमुख उद्देश्यों पर प्रकाश डालिए।

19. वन्य जीवों के संरक्षण के लिए किए गए उपायों का उल्लेख कीजिए।

**अथवा**

बांगर एवं खादर में अंतर स्पष्ट कीजिए।

20. भारत में गरीबी के चार प्रमुख कारणों का उल्लेख कीजिए?

**अथवा**

भारत में बेरोजगारी के किन्हीं चार कारणों का उल्लेख कीजिए।

21. निर्माण उद्योग को प्रभावित करने वाले किन्हीं चार कारकों का वर्णन कीजिए?

अथवा

"आधुनिक कृषि औद्योगिकीकरण की देन है।" कथन की पुष्टि में तर्क दीजिए।

**निर्देश :** प्रश्न क्रमांक 22 से 25 तक दीर्घउत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न में आंतरिक विकल्प है। प्रत्येक प्रश्न पर 5 अंक आबंटित हैं। (उत्तर की अधिकतम शब्द-सीमा 100 शब्द)

22. भारत के मानचित्र में निम्नलिखित को प्रदर्शित कीजिए–

(i) गोदावरी नदी (ii) मन्नार की खाड़ी

(iii) शिवालिक श्रेणी (iv) बैलाडीला

(v) रानीगंज

**अथवा**

भारत के मानचित्र में निम्नलिखित को प्रदर्शित कीजिए–

(i) तांबा उत्पादन क्षेत्र (ii) चिल्का झील

(iii) कोलकाता (iv) नर्मदा नदी

(v) मैकाल पर्वत

23. "छत्तीसगढ़ खनिज सम्पदा-सम्पन्न राज्य है।" कथन की पुष्टि में तर्क दीजिए।

**अथवा**

तापीय विद्युत् और जल-विद्युत् में अंतर स्पष्ट कीजिए।

24. औद्योगिक क्रांति से विश्व को क्या-क्या लाभ हुआ?

**अथवा**

प्रथम विश्व युद्ध के किन्हीं चार कारणों पर प्रकाश डालिए।

25. "लोकसभा (निम्न सदन) राज्यसभा (उच्च सदन) से अधिक शक्तिशाली है।" समझाइए।

**अथवा**

संसद, मंत्रिपरिषद् पर कैसे नियंत्रण रखती है? समझाइए।

**निर्देश :** प्रश्न क्रमांक 26 से 27 दीर्घउत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक में आंतरिक विकल्प है। प्रत्येक प्रश्न पर 6 अंक आबंटित हैं। (उत्तर की अधिकतम शब्द सीमा 150 शब्द)

26. मृदा अपरदन को दूर करने के किन्हीं छः उपायों पर प्रकाश डालिए।

**अथवा**

वनों के संरक्षण हेतु कौन-कौन से उपाय आवश्यक हैं? छः बिन्दुओं में स्पष्ट कीजिए।

27. द्वितीय विश्व युद्ध के परिणामों को छः बिन्दुओं में लिखिए।

**अथवा**

जर्मनी में नाजीवाद के उदय के क्या कारण थे? छः बिन्दुओं में स्पष्ट कीजिए।